हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 23 नवंबर 2025

04 मिलावट रोकने खाद्य विभाग की टीम ने लिए खाद्य पदार्थों...



07 पीडब्ल्यूडी ने तुड़वाई जर्जर इमारतें अब कचराघर...





## खबर संक्षेप

### एसआईआर प्रक्रिया में गति लाने लगेगा कैंप

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सीहोर जिले में चल रहे एसआईआर की गति बढ़ाने के उद्देश्य से हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सीहोर में दो दिवसीय विशेष कैंप 23 नवंबर तक लगाया जाएगा । इसके लिए संबंधित अधिकारियों की वार्डवार ड्यूटी लगाई गई है। कैंप में सुबह 10:30 बजे से शाम 6 बजे तक बीएलओ एवं वार्ड के लिए निर्धारित दल के सभी सदस्य प्राप्त गणना पत्रकों का संकलन कर उन्हें एप पर अपलोड करेंगे। इसके साथ ही बीएलओ के अलावा दल के अन्य सदस्य बीएलओ की सहायता करेंगे और बीएलओ के अतिरिक्त फार्म एकत्र करेंगे। इस प्रक्रिया में सहयोग के लिए कलेक्ट्रेट द्वारा संबंधित नोडल अधिकारियों, नगर पालिका कर्मियों और सहायक कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### सोयाबीन का मॉडल रेट बढ़कर हुआ 4285 रुपए

**सीहोर।** भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए 22 नवंबर को 4285 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। मॉडल रेट और न्यूनतम समर्थन मूल्य के भावांतर की राशि राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है। सोयाबीन के मॉडल रेट में लगातार वृद्धि जारी है। पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था। इसी तरह 8 नवंबर को 4033 रुपए, 9 और 10 नवंबर को 4036 रुपए, 11 नवंबर को 4056 रुपए, 12 नवंबर को 4077 रुपए, 13 नवंबर को 4130 रुपए, 14 नवंबर को 4184 रुपए, 15 नवंबर को 4225 रुपए, 16 नवंबर को 4234 रुपए, 17 नवंबर को 4236 रुपए, 18 नवंबर को 4255 रुपए, 19 नवंबर को 4263 रुपए, 20 नवंबर को 4267 रुपए 21 नवंबर को 4271 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी हुआ था। राज्य सरकार की गारंटी है कि किसानों को हर हाल में सोयाबीन के न्यूनतम समर्थन मूल्य की 5328 रुपए प्रति क्विंटल मिलेगी।

## पुराने इंदौर-भोपाल हाईवे पर दिल दहला देने वाला हादसा

# 'हिट एंड रन', एक की मौत, दूसरे युवक को कार ने एक किलोमीटर तक घसीटा

हादसे में कृष्णा वर्मा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार चालक ने दूसरे युवक शुभम वर्मा को टक्कर के बाद करीब एक किलोमीटर तक घसीटा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर से निकले इंदौर-भोपाल हाईवे पर शुक्रवार रात करीब 9.30 बजे एक दिल दहला देने वाला 'हिट एंड रन' का मामला सामने आया है। एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दो युवकों को पीछे से टक्कर मार दी। इस भीषण हादसे में एक युवक कृष्णा वर्मा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार चालक ने दूसरे युवक शुभम वर्मा को टक्कर के बाद करीब एक किलोमीटर तक घसीटा, जिससे उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार कृष्णा वर्मा और शुभम वर्मा रात करीब 9.30 बजे सीहोर से अपने गांव गुड़भेला जा रहे थे, तभी पीछे से आ रही कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कृष्णा वर्मा डिवाइडर से टकरा गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे का सबसे भयानक पहलू यह रहा कि टक्कर मारने के बाद कार रुकी नहीं और शुभम वर्मा कार के निचले हिस्से में फंसकर सडक़ पर घिसटते चले गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार चालक ने करीब एक किलोमीटर तक युवक को घसीटा। शुभम वर्मा छाती के बल सडक़ पर घिसटते रहे, जिसकी वजह से उनकी छाती पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। उन्हें गंभीर हालत में तुरंत भोपाल के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

### कार नंबर प्लेट से मिला सुराग

टक्कर मारने के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने कार को रोकने के लिए उसका पीछा भी किया, लेकिन कार चालक भाग निकला। इस दौरान एक अहम सुराग हाथ लगा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार भागते समय कार की नंबर प्लेट वहीं गिर गई थी। प्राप्त नंबर प्लेट का नंबर एमपी 04 डी 0363 है, जो आरोपियों तक पहुंचने के लिए पुलिस की मदद करेगी।

### मर्ग कायम किया है

मंडी थाना टीआई सुनील मैहर ने बताया कि हादसे के बाद रात को एक युवक कृष्णा वर्मा की मौत हो गई थी, जिसका पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की है। जल्दी ही मामले में कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## मतदाता सूची त्रुटिरहित विश्वसनीय बनाना एसआईआर प्रक्रिया का उद्देश्य: तेज बहादुर

### भाजपा की हुई कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

एसआईआर यानी संपर्क, विस्तार और समीक्षा कार्यशाला का आयोजन हुआ। शनिवार को शहर के बस स्टैंड स्थित कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में में भाजपा संगठन प्रभारी एवं नागदा विधानसभा से विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह शामिल हुए। इस दौरान तेज बहादुर सिंह ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को पूरी तरह से त्रुटिरहित विश्वसनीय बनाना है, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर के अलावा समस्त पार्षद शामिल थे।

भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने कहाकि एसआईआर को लेकर सभी भाजपा पार्षद को बीएलओ-वन बनाया गया है, जो कार्यक्रम को लेकर आमजन को जागरूक करने के साथ ही उसके बारे में समझाएंगे और अपने वार्ड में सभी के घर-घर जाकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा शुरू किया गया यह अभियान लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक मजबूत एवं पारदर्शी बनाने में सहभागिता निभाएगा। इस दौरान एसआईआर प्रक्रिया को लेकर विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। भाजपा का हर कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है। पार्टी के विस्तार में उसकी भूमिका अहम है। उन्होंने बताया कि एसआईआर कार्यशाला का उद्देश्य बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना है। साथ ही केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के नए आयाम छू रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को हर घर तक पहुंचाना मुख्य लक्ष्य होना चाहिए।

## पुलिसकर्मियों को साइबर फ्रॉड की रोकथाम के लिए दी विशेष ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पुलिस कर्मचारियों के लिए साइबर फ्रॉड और संबंधित पोर्टलों के उपयोग पर शनिवार को एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशानुसार हुआ। इस प्रशिक्षण सेमिनार में जिले के विभिन्न थानों में पदस्थ 50 पुलिस कर्मचारियों ने भाग लिया। उन्हें साइबर पुलिस पोर्टल, सीईआईआर पोर्टल, समन्वय पोर्टल और ऑनलाइन 1930 हेल्पलाइन पर होल्ड राशि वापस कराने की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने सभी उपस्थित कर्मचारियों से पोर्टलों पर प्रतिदिन लॉगिन कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिला साइबर टीम ने साइबर अपराधियों द्वारा आमजन को झांसे में लेकर बैंक खातों से धन ट्रांसफर करने, फर्जी ऑनलाइन शिकायतें दर्ज कराने और होल्ड मनी फ्रॉड की धनराशि को फ्रीज करवाने की कानूनी प्रक्रिया पर भी मार्गदर्शन दिया। कर्मचारियों को बताया गया कि जिस बैंक खाते या वॉलेट में होल्ड मनी का लेनदेन हुआ हो, उसकी सूचना न्यायालय में प्रस्तुत की जाए। पीड़ित से धन वापसी के लिए आवेदन पत्र प्राप्त कर न्यायालय के आदेशानुसार खातों से होल्ड राशि वापस करने की मानक प्रक्रिया अपनाई जाए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रधान आरक्षक सुशील साल्वे और साइबर टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

### भूमिहीन परिवारों को मिलेगा आवासीय भूमि का पट्टा

**सीहोर।** राज्य सरकार ने नगरीय क्षेत्रों में रहने वाले भूमिहीन और आवासहीन परिवारों को आवासीय भूमि के पट्टाधिकार प्रदान करने के लिए 20 नवंबर से व्यापक अभियान शुरू किया है। आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग संकेत भोंडवे ने बताया कि यह अभियान 13 दिसम्बर 2025 तक चलेगा। इसके लिए नगरीय विकास एवं आवास विभाग तथा राजस्व विभाग ने संयुक्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत बीएलसी और एएचपी घटकों के सुचारू क्रियान्वयन के लिए यह पहल अत्यंत महत्वपूर्ण है। राज्य सरकार ने वर्ष 1984 के मध्यप्रदेश नगरीय क्षेत्रों के भूमिहीन व्यक्ति (पट्टाधिकार) अधिनियम में संशोधन करते हुए पात्रता तिथि को 31 दिसम्बर 2020 निर्धारित किया है। इस तिथि तक सरकारी, नगर निकाय या विकास प्राधिकरण की भूमि पर वास्तविक रूप से काबिज ऐसे आवासहीन परिवार पट्टा अधिकार प्राप्त करने के पात्र होंगे। राज्य के सभी नगरीय क्षेत्रों में सर्वेक्षण कार्य 20 नवम्बर से 13 दिसम्बर तक चलेगा।

### 24 नवंबर को समस्या निवारण शिविर का आयोजन

**सीहोर।** एमपी पॉवर मैनेजमेंट कंपनी के मानव संसाधन व प्रशासन कार्यालय के द्वारा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया मदनमहल शाखा के सहयोग से कंपनी के पेंशनर व परिवार पेंशनर के लिए जीवन प्रमाण पत्र व पेंशनरों की समस्याओं के निराकरण के लिए एक शिविर का आयोजन 24 नवम्बर को किया गया है। यह शिविर शक्तिभवन स्थित पावर मैनेजमेंट कंपनी के लेखाधिकारी वेतन व पेंशन के ब्लॉक नंबर 14 भूतल स्थित कार्यालय में आयोजित किया गया है।

## बुद्ध धम्म संदेश रैली सीहोर से राजगढ़ रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



बुद्ध की विश्वशांति, करूणा, मैत्री व सदाचार से ओतप्रोत संदेश रैली में सेवानिवृत्त ज्वाइंट कमिश्नर इन्कम टेक्स केशव सोमकुंवर, डॉक्टर राहुल वाहने ,डोमाजी सोमकुंवर और आचार्य देवानंद वानखेड़े एक नया कीर्तिमान अर्जित कर रहे हैं । एक चार पहिया वाहन को धम्मरथ का आकार देकर भारत के लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने हेतु अंतर राज्यीय भ्रमण कर सीधे समाज व युवावर्ग से संवाद कर रहे हैं। भारत के संविधान की जानकारी दे रहे हैं। समाज में सद्भावना, भाईचारा , मानवतावादी सिद्धांत स्थापित करने के लिए एक सूक्ष्म प्रयास कर रहे हैं। यदि प्रत्येक नागरिकों में ऐसी सोच पैदा होगी तो वास्तव में इस धरती पर अमन-चैन की स्थापना पल्लवित हो सकती है। समिति की इस महती भावना की सर्वत्र प्रशंसा की जा रही है। उक्त रैली को मीडिया संघ सीहोर के संरक्षक के.जी.बैरागी , सरदार पटेल स्कूल झरखेड़ा जिला सीहोर के डायरेक्टर रविन्द्र बांगरे महेश कुमार और समिति के संयोजक केशव सोमकुवर सेवानिवृत संयुक्त आयुक्त आयकर विभाग वाले शिक्षाविद् रवीन्द्र बांगरे बोधाचार्य देवानंद वानखेडे नरेन्द्र खंगराले ने सीहोर से राजगढ़ के लिए रवाना किया, जो अन्य जिलों से होते हुए आगरा की ओर प्रस्थान करेगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कमलेश दोहरे, सीताराम भारती, सुनील फरेला, नरेन्द्र, आरती नरेन्द्र खंगराले, प्रेमलता शैल, देवेन्द्र अहिरवार, नीरज जाटव, महेश कुमार लाडसिंहबोध, मधुसुदन अग्रवाल, धन्नालाल परचोले, सुरेश महोबिया, दयाराम गवाटिया, एन.पी.नागेश, जनम सिंह परमार, रामचरण दसलानिया, घनश्याम जाटव, प्रिंस जांगड़ा, घनश्याम बकोरिया, कृष्णा सूर्यवंशी, हेमंत डोहरे, दीपक सोनकर सहित पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

## उत्सव के साथ होगी चिंतामन पाश्र्वनाथ की प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीवन नदी के किनारे सबसे ऊपर के टापू पर प्राचीन श्रीरामलीला मैदान के पास स्थित प्राचीन श्री चिंतामन पाश्र्वनाथ जैन मंदिर अब अपने नये स्वरुप में बनकर तैयार हो चुका है। राजस्थानी सफेद मार्बल से बने विशाल मंदिर में एक साथ करीब 11 जैन प्रतिमाओं की स्थापना की होगी। जिसमें मूलनायक जैन धर्म के 23 वें तीर्थंकर भगवान पाश्र्वनाथ रहेंगे। मंदिर बनकर पूर्ण हो चुका है और इसकी सुंदरता की चर्चा पूरे नगर में है और लोग इसे देखने के लिये लोग कस्बा पहुँच रहे हैं। कस्बे के प्राचीन श्वेतांबर जैन मंदिर में रखीं मूर्तियाँ 600 साल से भी ज्यादा पुरानी मानी जाती हैं। पास में स्थित दिगंबर जैन मंदिर में भगवान शीतलनाथ की प्रतिमा पर वीर संवत 1548 लिखा हुआ है, जिससे उसकी प्राचीनता स्पष्ट होती है। वहीं मंदिर में रखी कुछ धातु की प्रतिमाओं पर दर्ज संवत से पता चलता है कि वे लगभग 1000 साल पुरानी हैं। करीब 150 साल पहले मुगलों के हमलों से मूर्तियों को बचाने के लिए श्वेतांबर जैन मंदिर और आसपास के अन्य मंदिरों में बड़े प्रयास किए गए थे। उस समय इस मंदिर के अंदर नीचे तलघर बनाया गया था, जिसमें सभी मूल प्रतिमाएं सुरक्षित रख दी गई थीं और पूजा भी वहीं की जाती थी। पेशवाकाल में मंदिर वापस व्यवस्थित हुआ था, उसकी पुरानी बनावट की शैली में पेशवाकाल की झलक स्पष्ट नजर आती थी। प्राचीन श्वेताम्बर जैन मंदिर का जीर्णोद्धार मालवा के जैनसंत आचार्य नवरत्न सागर जी म.सा. ने कराने का संकल्प लिया था। विगत लम्बे समय से यहॉ निर्माण कार्य जारी है। आचार्य विश्वरत्न सागर जी म.सा. के प्रयासों से लगभग एक से डेढ़ करोड़ रुपये का खर्च किया गया है। मंदिर बहुत ही विशाल और ऊँचा बनाया गया है। इसमें कुछ स्थानों पर मकराना सफेद मार्बल का भी उपयोग किया गया है। रंगमंडप में जमीन पर लगे मार्बल के ऊपर रंग-बिरंगे पत्थरों से बेल बनाई गई है। पूरे मंदिर में पत्थरों पर बारीक नक्काशी से अनेक चित्र उकेरे गये हैं। यहॉ चिंतामन पाश्र्वनाथ के अलावा जीरावाला और अंतरिक्ष पाश्र्वनाथ की प्रतिमाएं भी स्थापित होंगी। अहमदाबाद के भूषण भाई ने इस मंदिर को पूर्णरूप देने में विशेष सहयोग दिया है। भूषण भाई अब तक 160 से अधिक मंदिरों की प्राण-प्रतिष्ठा में सम्मिलित हो चुके हैं और वहॉ हर तरह का सहयोग भी दे चुके हैं। सीहोर के प्राचीन जैन मंदिर में भी उनके अनुभव और सहयोग से आगामी 28 से 30 नवम्बर तक प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव सम्पन्न होगा।

## पिता की स्मृति में जिला चिकित्सालय को भेंट किया स्वचालित एल फ्री पलंग

# हमारा अपना अस्पताल सभी को देना चाहिए योगदान: पंकज शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



पिछले दिनों जिला कांग्रेस प्रवक्ता पंकज शर्मा और नीरज शर्मा के पिता का लंबी और गंभीर बीमारी के बाद निधन हो गया था। जिसके बाद उनकी माताजी की प्रेरणा से पंकज शर्मा और नीरज शर्मा ने शनिवार को जिला अस्पताल पहुंचकर प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. आरके वर्मा से मुलाकात कर उनको यहां के आईसीयू वार्ड के मरीजों के लिए एक नया अत्याधुनिक सर्वसुविधायुक्त पूर्ण स्वचालित एल फ्री पलंग दान किया। साथ ही यहां भर्ती बुजुर्ग मरीजों के लिए डायपर्स के पैकेट भी भेंट किए।

इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए पंकज शर्मा ने बताया कि उनके पिता का काफी लंबे समय तक सरकारी अस्पताल में डायलिसिस हुआ, जिससे उनके मन में इस अस्पताल के लिए करने की कुछ भावना थी, क्योंकि ये हमारा अपना अस्पताल है और हम सब यहां मुफ्त में उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ लेते हैं, इसलिए हमारा ये नैतिक दायित्व है कि हम इसके लिए अपना कुछ योगदान देते रहें। इसी भावना के साथ उन्होंने जिला चिकित्सालय को अपनी ओर से ये छोटी सी भेंट प्रदान की है।

पंकज शर्मा ने कहा कि वैसे तो सरकार हर वर्ष जनता की सुविधा और अच्छे इलाज के लिए इस अस्पताल के लिए करोड़ों रुपए का बजट जारी करती है, लेकिन फिर भी आम जनता की ये नैतिक जिम्मेदारी है कि वो भी अपनी ओर से यहां कुछ ना कुछ भेंट करते रहें, उन्होंने सभी सीहोर जिलेवासियों से अपनी सुविधानुसार यहां कुछ ना कुछ भेंट करते रहने का आग्रह भी किया है। अंत में पंकज शर्मा ने उनकी इस छोटी सी भेंट को स्वीकार करने के लिए प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. आरके वर्मा को आभार और धन्यवाद भी ज्ञापित किया। इस अवसर पर डॉ. सुधीर श्रीवास्तव, पूर्व पार्षद प्रतिनिधि सतीश दरोठिया, जनपद सदस्य प्रतिनिधि जय सिंह भारती सहित अस्पताल का स्टाफ, शर्मा परिवार के सदस्य और नागरिकगण उपस्थित रहे।

## मौसम: बादल साफ होने से अभी और बढ़ेगी सर्दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में कड़ाके की ठंड का दौर जारी है। शनिवार (22 नवंबर) को जिले का न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रहा।

मौसम विभाग ने आगामी दिनों में आसमान से बादल साफ होने और ठंड का प्रभाव और बढ़ने की संभावना जताई है। जिले में पिछले लगभग दो सप्ताह से ठंड ने रफ्तार पकड़ी है। बीते 15 दिनों से लगातार ठंड का असर महसूस किया जा रहा है। न्यूनतम और अधिकतम तापमान में काफी अंतर देखा जा रहा है। इससे दिन में तो हल्की राहत रहती है, लेकिन रातें ठंडी हो रही हैं। शासकीय कृषि महाविद्यालय में स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस.एस. तोमर ने बताया कि आसमान से बादल धीरे-धीरे साफ हो रहे हैं।

ऐसे में आगामी दिनों में ठंड का प्रभाव और ज्यादा बढ़ेगा। उन्होंने पुष्टि की कि शनिवार को न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बताया कि इस साल सीहोर जिले में मानसून ने 21 जून को दस्तक दी थी। इसके बाद रुक-रुक कर बारिश होती रही और कभी मानसून ब्रेक की स्थिति भी बनी। अब मौसम में बदलाव का दौर शुरू हो गया है और ठंड का मौसम प्रभावी हो रहा है।

## खबर संक्षेप

### वरिष्ठ पत्रकार सुरेश जैमिनी की दूसरी पुण्यतिथि आज



**सीहोर।** सीहोर जिले के भैरूंदा के वरिष्ठ पत्रकार सुरेश जैमिनी की दूसरी पुण्यतिथि रविवार को मनाई जाएगी। इस दौरान रविवार को स्थानीय पत्रकारों, सामाजिक संगठनों और उनके परिजनों द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इस दौरान स्वर्गीय जैमिनी को पत्रकारिता के क्षेत्र में दिए योगदान के लिए याद किया जाएगा। आपको बता दें उनके द्वारा जीवन भर पत्रकारिता के क्षेत्र में बेबाकी से जनहित के मुद्दे उठाए जिसके लिए कई युवाओं के लिए एक प्रेरणा रहे हैं। स्वर्गीय सुरेश जैमिनी के पुत्र गोलू जैमिनी ने कहा कि उनके पिता ने हमेशा उन्हें सच्चाई और मेहनत के रास्ते पर चलने की प्रेरणा दी है और बेबाकी और निष्पक्ष रूप से पत्रकारिता करना ही अब उनके नक्शे कदम पर चलते हुए यही उद्देश्य रहेगा।

### मंदिर में चोरी करने वाला शातिर चोर गिरफ्तार

**सीहोर।** धार्मिक स्थलों को निशाना बनाकर लोगों की आस्था को ठेस पहुंचाने वाले एक शातिर चोर को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह चोर रात के अंधेरे का फायदा उठाकर मंदिरों की दानपेटियों को निशाना बनाता था। पुलिस ने आरोपी के पास से मंदिरों से चोरी की गई दानपेटी, नकदी और चोरी के पैसों से खरीदा गया एक मोबाइल सहित लगभग 30 हजार रुपये का माल बरामद किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी ने कोतवाली थाना क्षेत्र में दो प्रमुख मंदिरों में चोरी की वारदातों को अंजाम दिया था। जिसमें 12-13 जुलाई की रात श्री सिद्ध हनुमान मंदिर सब्जी मंडी नमक चौराहा से मंदिर का ताला काटकर दानपेटी चुराई गई थी। जबकि 27-28 अक्टूबर की रात डीजे निवास के पास श्री सिद्ध बंदी हनुमान मंदिर पुरानी जेल से भी मंदिर की दानपेटी चोरी की गई थी। इसके अलावा आरोपी ने 19 नवंबर की रात कंचन मार्केट स्थित एक कलर पेंट की दुकान का ताला काटकर नगदी भी चुराई थी। पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र की मदद से मंदिर की दानपेटी और ताले काटकर चोरी करने वाले शातिर चोर को ट्रेस कर लिया। आरोपी की पहचान शानू उर्फ सुनील पिता राकेश सोलंकी निवासी जोशी मोहल्ला गंज के रूप में हुई है।

नायब तहसीलदार ने मंडलाध्यक्ष पर लगाए स्टाफ से अभद्रता करने के आरोप

# भाजपा मंडल अध्यक्ष के खिलाफ विधायक को नायब तहसीलदार ने दिया आवेदन

**मंडल अध्यक्ष ने आरोपों को बताया निराधार, नामांतरण के लिए की जाती है रुपयों की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चापड़ा

विधानसभा बागली के जटाशंकर मंडल में एक नया मामला सामने आया है,जिसके बाद राजनीतिक गलियारों में कई प्रकार की चर्चा के दौर शुरू हो गए। प्रशासनिक अधिकारी व सत्ताधारी पार्टी के संगठन के पदाधिकारी के बीच का विवाद खुले आम सामने दिखाई देने लगा है या कहें कि ऐसे राजनीतिक संगठन के उपर एक प्रशासनिक अधिकारी ने गंभीर आरोप लगाएं जो संगठन हमेशा साफ-सुथरी छवि का दावा करता है। बागली में पहली बार किसी प्रशासनिक अधिकारी ने एक भाजपा संगठन के मंडल अध्यक्ष के खिलाफ विधायक को लिखित में शिकायत की है। बागली विधानसभा में पहली बार इतना बिगड़ा माहौल देखा जा रहा है। अनुभव विहिन नेतृत्व कर्ता नेता होने के कारण अब संगठन व पार्टी की छवि धूमिल होती दिखाई दे रही है। पार्टी संगठन के पदाधिकारियों कि नियुक्ति को अभी एक वर्ष भी नहीं हुआ है ओर विवादित चर्चाएं शुरू हो गई है। जानकारी अनुसार बागली तहसील में पदस्थ नायब तहसीलदार पीहू कुरील व्दारा विधायक बागली को जटाशंकर मंडल अध्यक्ष गोविंद यादव के खिलाफ एक शिकायती पत्र लिखा गया।

आवेदन सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो क्षेत्र में हलचल मच गई और राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गया। नायब तहसीलदार कुरील ने बताया कि जटाशंकर मंडल अध्यक्ष अध्यक्ष गोविंद यादव के खिलाफ कार्यालय में कार्यरत रीडर द्वारा लिखित शिकायत कर निवेदन किया गया है की मंडल अध्यक्ष के विरुद्ध दंडात्मक कार्यावाही की जाए। जब नायब तहसीलदार कुरील द्वारा संज्ञान लेकर जांच की गई तो गोविंद यादव द्वारा मेरे विभाग



के रीडर के साथ अभद्र और अशोभनीय दादागिरी पूर्ण व्यवहार किया जाना पाया गया है, इसके पूर्व भी कृष्णा परमार पटवारी तथा मधु राठौर भृत्य के साथ भी अभद्र व्यवहार किया गया है। नायब तहसीलदार ने आरोप लगाते हुए बताया कि मंडल अध्यक्ष गोविंद यादव द्वारा अपने नाम व पद का रौब दिखाते हुए एवं खुद को भाजपा मंडल का अध्यक्ष होना बताते हुए मेरे विभाग के कर्मचारियों से मनमाने तरीके से काम करवाने हेतु दबाव बनाया जाता है तथा मेरे विभाग के कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज की जाती है।

गोविंद यादव द्वारा संपूर्ण स्टाफ व न्यायालय परिसर में मौजूद पक्षकारों के सामने न केवल न्यायालय की गरिमा को धूमिल किया जाता है अपितु आपका नाम तथा आपकी पार्टी व संघ के नाम का दुरुपयोग कर उसकी गरिमा को भी धूमिल किया जा रहा है। आवेदन में बताया गया है कि गोविंद यादव द्वारा तहसील कोर्ट में मेरे विभाग के कर्मचारियों के साथ, गाली-गलोच करना अभद्र, अशोभनीय, अपमानजनक भाषा का उपयोग कर करना न्यायालय की प्रतिष्ठा को धूमिल करना आईपीसी के साथ ही एसटी/ एससी एक्ट के तहत दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आता है। यह भी कहा गया है कि यादव व्दारा विधायक व भाजपा संगठन के नाम का दुरुपयोग किया जा रहा है। पार्टी व संघ के नाम को भी गंभीर रूप से धूमिल किया जा रहा है। नायब तहसीलदार पीहू व्दारा जो आवेदन दिया गया है, उसमें मंडल अध्यक्ष के खिलाफ कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। मांग कि गई है कि गोविंद यादव का जो कृत्य है वह क्षमा किए जाने योग्य नहीं हैं, उनके विरुद्ध अतिशीघ्र योग्य वैधानिक कार्यवाही किए जाने हेतु आदेश जारी किया जाए।

**सारे आरोप निराधार है**

नायब तहसीलदार व्दारा मेरे खिलाफ जो आवेदन जारी किया गया है, वह निराधार है, मैं पार्टी के जिम्मेदार पद पर हूं। कार्यकर्ता व क्षेत्र के लोगों के काम कराने होते हैं, ऐसे में नामांतरण के मामलों में रुपयों की मांग की जाती है जिसका मैं विरोध करता हूं। उसी के चलते झूठी व भ्रामिक बातें बताई जा रही हैं। सारे आरोपी निराधार है।

**गोविंद यादव,** मंडल अध्यक्ष जटाशंकर

**मामला मेरे संज्ञान में**

उक्त मामला मेरे संज्ञान में आया है जिसकी मेरे स्तर पर जांच की जा रही है। मंडल अध्यक्ष से की गई चर्चा के अनुसार प्रथम दृष्टि में जिन बातों को लेकर शिकायत की गई है, वह निराधार है। पूरे मामले की गंभीरता से जांच करने के बाद ही कोई निर्णय लिया जाएगा।

**रायसिंह सेंधव,** भाजपा जिला अध्यक्ष देवास

# मिलावट रोकने खाद्य विभाग की टीम ने लिए खाद्य पदार्थों के नमूने



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

कलेक्टर बालागुरु के. के निर्देशानुसार जिले में मिलावटी एवं अमानक खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा खाद्य दुकानों का सतत निरीक्षण किया जा रहा है।

इसी क्रम में सीहोर जिले के ग्राम चकल्दी में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने निरीक्षण करते हुए विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों से खाद्य सामग्री के नमूने लिए। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्योति बंसल द्वारा फरमान किराना से चाय, विशाल रेस्टोरेंट से नमकीन, गौरव किराना से नमक और रवा, साईं किराना से नमक और चायपत्ती, ट्विंकल ढाबा से मैदा तथा होटल 54 से दही एवं नमकीन के नमूने संकलित किए गए। संकलित नमूनों को जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया है। अधिकारियों ने बताया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने व्यापारियों एवं खाद्य सामग्री विक्रेताओं को चेतावनी देते हुए कहा है कि खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य है तथा मिलावट पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# सुविधाः रैन बसेरा में आश्रय लेने वालों को हीटर से मिलेगी गर्मी, नहाने के लिए गर्म पानी भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर




बढ़ती ठंड और शीतलहर के बीच बेघर और जरूरतमंद लोगों को सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराने जिला अस्पताल के पास नेहरू पार्क में नगर पालिका द्वारा बनाए गए रैन बसरे में सभी तरह की व्यवस्थाएं कर दी गई हैं। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रैन बसेरों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनकी लाइव मॉनिटरिंग भी की जा रही है। जिससे यहां ठहरने वाले जरूरतमंद लोग सुरक्षित महसूस कर सकें। रैनबसेरा व्यवस्थापक



आशिष भावसार ने बताया कि ठंड से बचाव के लिए रजाई गद्दे की व्यवस्था भी उपलब्ध की गई है, रैन बसेरा में महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग रहने की व्यवस्था है। पानी, बिजली और शौचालय की व्यवस्था भी रैनबसरे में की गई है। इसके साथ गद्दे, पलंग, तकिये और पर्याप्त कंबल भी फ्री में दिए जाते हैं। इतना ही नहीं सुबह नहाने के लगए लोगों को गर्म पानी मिल सके इस के लिए वाटर हीटर भी लगाए गए हैं।

# एसडीएम-तहसीलदार कर रहे एसआईआर प्रक्रिया का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया संचालित की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बालागुरू के. के निर्देशानुसार एसआईआर प्रक्रिया के प्रथम चरण में जिले के सभी बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं और गणना पत्रक वितरित कर गणना पत्रक भरवाने का कार्य कर रहे हैं। एसआईआर प्रक्रिया में गति लाने के लिए सीहोर में अनेक स्थानों पर कैलेंडरवार कैंप भी लगाए जा रहे हैं, जहां बीएलओ की सहायता के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है, ताकि एसआईआर का काम जल्द से जल्द पूर्ण हो सके।



कलेक्टर के निर्देशानुसार एसआईआर के संबंध में जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं संबंधित अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों एवं फील्ड पर जाकर एसआईआर प्रक्रिया का निरीक्षण किया जा रहा है और बीएलओ को मार्गदर्शन दिया जा रहा है। इसके साथ ही सभी अधिकारी मतदाताओं को इस एसआईआर प्रक्रिया के गणना पत्रक भरने तथा बीएलओ के पास जमा करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इस दौरान सभी अधिकारी बूथ लेवल ऑफिसर्स (बीएलओ), बूथ लेवल एजेंटों एवं जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर एसआईआर प्रक्रिया के सुचारू संचालन के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन भी दे रहे हैं, ताकि जिले में एसआईआर की प्रक्रिया सटीक और प्रभावी रूप से संचालित हो सके। उल्लेखनीय है कि निर्वाचन आयोग द्वारा इस विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया को तीन चरणों में संचालित किया जा रहा है। प्रथम चरण में घर-घर जाकर गणना पत्रक भरने एवं सत्यापन का कार्य 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक संचालित किया जा रहा है। इसके पश्चात 9 दिसम्बर 2025 को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी, जिस पर 8 जनवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियाँ आमंत्रित की जाएंगी। सुनवाई एवं प्रमाणीकरण की प्रक्रिया 31 जनवरी 2026 तक पूर्ण की जाएगी तथा 7 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। इस एसआईआर प्रक्रिया का उद्देश्य जिले की मतदाता सूची को पूर्णतः शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाना है ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे और कोई अपात्र नाम सूची में शामिल न हो।

## कार्यालय नगर परिषद कोठरी, जिला-सीहोर (म.प्र.)

क्रमांक /1030/ न.प./2025 कोठरी दिनांक 20/11/2025

**हस्तातंरण सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद् कोठरी क्षेत्रान्तर्गत आने वाली भूमियों, भवनों, खण्डरों आदि जिनका क्रय विक्रय किया गया है या अन्य वैधानिक रितियों से हस्तातंरित किये गये या जिन्हें नियमानुसार वंशानुक्रम द्वारा हस्तातंरण का हक प्राप्त हुआ हैं के दावेदारों ने मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के अंतर्गत नगर परिषद कोठरी में हस्तातंरण (स्वत्व अंकित करने हेतु) आवेदन प्रस्तुत किया है। इस विज्ञप्ति में अंकित सूचना के अन्तर्गत जिस पृविष्टि के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस सूचना प्रकाशन के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर नगर परिषद कार्यालय मय स्वत्व के प्रस्तुत कर सकते है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

| क्र. | भवन/भूमि | पता | हस्तातंरणकर्ता का नाम | हस्तातंरिती नाम/पिता पति का नाम | पंजी क्र./खसरा | हस्तातंरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भवन | वार्ड 08 कोठरी | भुरी बाई पति जगन्नाथ | हेमराज, राधेश्याम | 8/18 | फोती- नामांतरण |
| 2 | भवन | वार्ड 08 कोठरी | सुंदर बाई पति नारायण सिंह | विष्णूप्रसाद पिता नारायण सिंह | 8/18 | फोती- नामांतरण |
| 3 | भवन | वार्ड 10 कोठरी | विष्णूप्रसाद शर्मा पिता कन्हैयालाल | श्रीमति साक्षी शर्मा पति विष्णूप्रसाद शर्मा | 10/162 | विक्रय-पत्र |
| 4 | भवन | वार्ड 03 कोठरी | नेपाल सिंह पिता गिरधारीलाल | पूजा वर्मा पति दिपक वर्मा | 3/137 | दान-पत्र |
| 5 | भवन | वार्ड 11 कोठरी | मदनलाल वर्मा पिता भागमल | महेश वर्मा पिता मदनलाल | 11/95 | दान-पत्र |
| 6 | भवन | वार्ड 02 कोठरी | जगदिश पिता गंगाराम, जितेन्द्र पिता भागीरथ | राजकुमार पिता हरवंशे | 2/110 | विक्रय-पत्र |
| 7 | भवन | वार्ड 15 कोठरी | बाबूलाल पिता खुशीलाल | विनोद कुमार पिता बाबूलाल | 15/91 | दान-पत्र |
| 8 | भवन | वार्ड 15 कोठरी | फूलसिंह मेवाडा पिता माधौसिंह मेवाडा | बलराम मेवाडा पिता फूलसिंह मेवाडा | 15/190 | दान-पत्र |
| 9 | भवन | वार्ड 15 कोठरी | बाबूलाल पिता खुशीलाल | सतीश कुमार पिता बाबूलाल | 15/91 | दान-पत्र |
| 10 | भवन | वार्ड 14 कोठरी | निर्मल पिता देवबगस | चेतन सिंह पिता हरिसिंह | 14/01 | विक्रय-पत्र |
| 11 | भवन | वार्ड 12 कोठरी | रहीम खां पिता अमीर खां | राहुल कुमार पिता देवकरण | 12/112 | विक्रय-पत्र |
| 12 | भवन | वार्ड 08 एवं 10 कोठरी | शिवनारायाण पिता जगन्नाथ | पूनिया बाई पत्नि शिवनारायण | 8/98 एवं 10/76 | फोती- नामांतरण |
| 13 | भूमि | वार्ड 08 कोठरी | रमेश सानी पिता कैलाशनारायण | रामसिंह पिता घासीराम | खसरा 927/6/1/1/1/1 /1/1 रकवा 0.004 | विक्रय-पत्र |
| 14 | भूमि | वार्ड 08 कोठरी | स्वयं | तेजसिंह रूगनाथ सिंह | खसरा 649/4/5/1 | व्यवर्तन |
| 15 | भूमि | वार्ड 10 कोठरी | रामचरण पिता लक्ष्मण सिंह | श्रीमती नगीना पति सोहनलाला | 1295/3/ रकवा 0.004 | विक्रय-पत्र |
| 16 | भूमि | वार्ड 04 कोठरी | आशीष भावसार पिता ललित कुमार भावसार | बानामाली घोष पिता मदन मोहन घोष | 1110/1/1/1 रकवा 0.8581 हे. | विक्रय-पत्र |
| 17 | भूमि | वार्ड 04 कोठरी | संतोष पिता रामचरण | गंगा बरडे पति ज्ञानसिंह बरडे | 04/11 | विक्रय-पत्र |

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद, कोठरी**

## कार्यालय नगर परिषद कोठरी, जिला-सीहोर (म.प्र.)

// पात्र हितग्राहियों हेतु दावा आपत्ति सूचना //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद् कोठरी क्षेत्रान्तर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के प्राप्त हुए आवेदनों का जमीनी सत्यापन करने उपरान्त निम्न हितग्राहियों को प्रांरभिक तौर पर दस्तावेजो के आधार पर पात्र पाया गया है। इस विज्ञप्ति में अंकित पृविष्टि के संबंध में यदि किसी हितग्राही के संबंध में कोई भी आपत्ति (भूमि दस्तावेज / कच्चा मकान / अन्य) हो तो वह अपनी आपत्ति इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर नगर परिषद कार्यालय मय साक्ष्य दस्तावेजो के साथ प्रस्तुत कर सकते है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

| क्रमांक | हितग्राही का नाम | पिता / पति का नाम | वर्ग | वार्ड नं. |
|---|---|---|---|---|
| 01 | कृष्णा बाई | मनोहर सिंह | सामान्य | 01 |
| 02 | भेरू सिंह | प्रहलाद सिंह | सामान्य | 01 |
| 03 | मनोज | देवकरण | अन्य पिछडा वर्ग | 02 |
| 04 | पूजा वर्मा | दीपक वर्मा | अन्य पिछडा वर्ग | 03 |
| 05 | कमल | भगवत | अन्य पिछडा वर्ग | 04 |
| 06 | गंगाराम | मुंशीलाल | अन्य पिछडा वर्ग | 04 |
| 07 | अरूणा | सुनील कुमार | अन्य पिछडा वर्ग | 07 |
| 08 | कमला बाई | जगन्नाथ | अन्य पिछडा वर्ग | 08 |
| 09 | संदीप | तेज सिंह | अन्य पिछडा वर्ग | 08 |
| 10 | मोहन सिंह | जगन्नाथ | अन्य पिछडा वर्ग | 08 |
| 11 | लखन बाबू | लक्ष्मण सिंह | अनसूचित जाति | 09 |
| 12 | राहुल सेन | सुखलाल सेन | अन्य पिछडा वर्ग | 10 |
| 13 | महेश | मदन सिंह | अनसूचित जाति | 11 |
| 14 | बलराम मेवाड़ा | फूल सिंह | अन्य पिछडा वर्ग | 15 |
| 15 | सरदार सिंह | काशीराम | अनुसूचित जाति | 15 |
| 16 | कृष्णपाल | लक्ष्मीनारायण | अन्य पिछडा वर्ग | 15 |
| 17 | अर्जुन | करण सिंह | सामान्य | 15 |
| 18 | सुनील कुमार | बदरी प्रसाद | अनुसूचित जाति | 15 |
| 19 | अमन राठौर | घासीराम राठौर | अन्य पिछडा वर्ग | 08 |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद कोठरी जिला-सीहोर (म.प्र.)

उत्कृष्ट विद्यालय में सांसद खेल महोत्सव का किया गया आयोजन

# प्रतियोगिता के विजेताओं को किया पुरस्कार वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

उत्कृष्ट विद्यालय में सांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस महोत्सव का उद्देश्य युवाओं में खेल के प्रति जागरूकता और शारीरिक सुदृढ़ता को बढ़ावा देना था। इस महोत्सव में कबड्डी, क्रिकेट, एथलेटिक्स, कुर्सी दौड़, चम्मच दौड़ जैसी विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जिसमें पीटी आई अर्चना सालोदिया और पीटीआई डोली गुप्ता ने विधिवत खेल आयोजन कराए गए व विजेताओं को पुरस्कार वितरण भी किया गया।

बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने इन प्रतियोगिताओं में भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में अतिथि माननीय सुदीप प्रजापति, नगर मंडल अध्यक्ष भाजापा, विधायक प्रतिनिधि गोपाल सोनी, वार्ड पार्षद सत्यनारायण बारिया कार्यक्रम में उपस्थित रहे और सभाकक्ष में उपस्थित समस्त छात्र छात्राओं को सासंद खेल महोत्सव और महत्व को छात्रों के समक्ष प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. राजेंद्र




देशमुख जी के द्वारा की गई। एन एस एस ऑफिसर देवेंद्र राय द्वारा छात्रों को खेल अनुशासन का अनुसरण करने की बात कही गई। स्पोर्ट्स ऑफिसर रामवृक्ष भारतद्वाज द्वारा उपस्थित अतिथि गणों और अधिकारियों का आभार व धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन,संगीता भार्गव मैडम ने किया। कार्यक्रम में संतोष सोनी, एसके पाठक, कार्तिक राय, डॉ. देवेंद्र साहू, एल एम अहिरवार, एलएन आहूजा सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## नगर पालिका और पीडब्ल्यूडी दोनों ही विभाग जिम्मेदारियों से झाड़ रहे पल्ला

# पीडब्ल्यूडी ने तुड़वाई जर्जर इमारतें अब कचराघर बने रिक्त पड़े भूखंड

## खाली पड़े प्लॉटों पर पार्किंग, शौचालय सहित हो सकते हैं अन्य विकास कार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नगर में आधा दर्जन से अधिक रियासतकालीन भवनों के जर्जर होने पर लोक निर्माण विभाग द्वारा उन्हें तुड़वाने की कार्यवाही की गई थी। लेकिन, इन शासकीय भवनों, इमारतों को तुड़वाने के उपरान्त पीडब्ल्यूडी ने उन्हें भगवान भरोसे ही छोड़ दिया है। ऐसे में रिक्त पड़े इन सरकारी भूखंडों का उपयोग आसपास के रहवासियों द्वारा कचराघरों की तरह किया जा रहा है।

जब इस बारे में पीडब्ल्यूडी से बात की जाती है तो वे कहते हैं कि ये हमारे स्वामित्व के नहीं हैं और न ही हमारे पास हैंडओवर करने की पावर है। उधर, नपा के जिम्मेदार इन्हें पीडब्ल्यूडी की संपत्ति बता रहे हैं। मसला जो भी लेकिन इन रिक्त भूखंडों के आसपास के रहवासी कचरा, मकानों का अनुपयोगी मटेरियल सहित ऐसे ही दूसरे अन्य सामानों को फेंक रहे हैं। इन रिक्त भूखंडों पर बाउंड्रीवॉल ही करवा दी जाए या अन्य कोई विकास करवा दिया जाए, ऐसी कोई प्लानिंग फिलहाल तक नहीं हो पाई है।

### मलबा भी नहीं हटाया, अब प्लॉटों पर टीले जैसा स्वरूप

नगर के मेन मार्केट में पारायण चौक के ठीक सामने पुरानी तहसील के जर्जर भवन को ढाई वर्ष पहले लोक निर्माण विभाग ने तुड़वाया था। भवन तुड़वाने के बाद काफी मलबा, मटेरियल यहां निकला था। वह मलबा आदि आज भी आज भी वहीं पर पड़ा हुआ है। अब इस रिक्त भूखंड को आसपास के रहवासी कचराघर की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। यहां मवेशी घूमते रहते हैं वहीं अब काफी मात्रा में फेंका गया कचरा, मलबा भी बहुत ज्यादा इकट्ठा होकर उसने बड़े टीले जैसा रूप ले लिया है।

### जय स्तंभ चौक के समीप भी यही स्थिति

इसी तरह करीब छह माह पहले लोक निर्माण ने स्थानीय जय स्तंभ के ठीक सामने स्थित शासकीय इमारत को तुड़वाया था। पीडब्ल्यूडी ने जिस भी एजेंसी को भवन तोड़ने की जिम्मेदारी दी थी, उसके द्वारा अभी तक इमारत के मलबे तक को यहां से नहीं हटवाया गया है। इसी तरह बैंक ऑफ इंडिया के पास खाली पड़े रिक्त भूखंड का भी यही स्थिति है।

### *अन्य स्थानों के खाली प्लॉटों के भी यही हाल*

*पुरा क्षेत्र में मेमोरियल गेट के पास की शासकीय इमारत को भी कुछ अर्से पहले पीडब्ल्यूडी ने तुड़वाया था। यह भूखंड भी वर्तमान में खाली ही पड़ा हुआ है। इसी तरह मेन मार्केट में शिवजी की छतरी के पास के दो शासकीय भवनों को भी पीडब्ल्यूडी ने करीब ढाई साल पहले तुड़वाया था, यहां भी विकास कार्य करवाए जा सकते हैं।*

### इनका कहना है...

*हमारा कार्य जर्जर भवनों को तुड़वाना था ताकि कोई जनहानि न हो। ये भवन पीडब्ल्यूडी के स्वामित्व के नहीं हैं। हमने सिर्फ एजेंसी नियुक्त करके इन्हें डिसमेंटल करवाया है।*

*दीपक कुमार,*
*कार्यपालन यंत्री, पीडब्ल्यूडी*

### इनका कहना है...

*रिक्त शासकीय भूखंडों को लोक निर्माण विभाग ने हमें हैंडओवर नहीं किया है। हैंडओवर होने पर ही हम इन खाली प्लॉटों पर पार्किंग, शुलभ शौचालय या अन्य कोई निर्माण करवा पाएंगे।*

*पवन अवस्थी*
*सीएमओ, नगर पालिका, राजगढ़*

## 4 घंटे चले आंदोलन पर जिला शिक्षा अधिकारी ने लिया एक्शन

# छात्र को परीक्षा से वंचित रखने पर सांदीपनि प्राचार्य को हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



शासकीय सांदीपनि विद्यालय ब्यावरा में कक्षा 11 वीं के छात्र रवि नागर को परीक्षा से वंचित रखा गया। जिसके बाद जब अभाविप कार्यकर्ता प्राचार्य से मिलने पहुंचे तो कार्यकर्ताओं से प्राचार्य ने अभद्रता की। जिसके बाद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा 10 नवंबर को ज्ञापन दिया गया था जिसमें मांग की गई थी 3 दिवस में सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य पर निलंबन की कार्यवाही की जाए किंतु 10 दिन होने के बाद भी किसी प्रकार की कार्यवाही न होने के बाद अभाविप कार्यकर्ताओं ने लगातार 2 घंटे उग्र आंदोलन किया और नारेबाजी की लेकिन कोई जिम्मेदार अधिकारी बात करने नही पहुंचे। जिसके बाद अभाविप कार्यकर्ताओं ने आंदोलन को जारी रखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को बुलाने को बात रखी।

4 घंटे आंदोलन के बाद जिला शिक्षा अधिकारी आंदोलन स्थल पहुंचे जिसके बाद सीएम राइज प्रिंसिपल सज्जनसिंह यादव को विभागीय जांच रिपोर्ट आने तक प्राचार्य पद से हटाकर डीईओ कार्यालय अटैच किया तथा विद्यालय में पदस्थ आतिश कुमार अग्रवाल को आगामी आदेश तक प्राचार्य का प्रभार दिया। अभाविप कार्यकर्ताओं ने डीईओ से कहा जांच रिपोर्ट आने पर उचित कार्यवाही की जाए अन्यथा उग्र आंदोलन किया जाएगा जिसकी जवाबदारी प्रशासन की होगी।

## मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य नगर में तेजी से चल रहा



**छापीहेड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का काम किया जा रहा है। जिसमें पटवारी नगर परिषद कर्मचारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मतदाताओं के घर घर जाकर मतदाताओं के फॉर्म भर रहे हैं। ऐसे मतदाता जो 2003 एवं 2025 में नगर छापीहेड़ा में थे उनके फार्म भरे जा रहे हैं एवं जिनके नाम 2003 की मतदाता सूची में नहीं था उनके साथ में उनके पिता माता दादा या दादी के संबंध जोड़कर फॉर्म भरे जा रहे हैं तथा बाहर से आने वाली बहू को उनके 2003 में निवास रत माता पिता दादा दादी की जानकारी मंगवा कर उनके भी फॉर्म भरे जा रहे हैं। इस कार्य हेतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा पटवारी मनोहर गौड़ नगर परिषद कर्मचारी श्रीराम नागर जमील खा एवं नगर के बीएलओ दिनेश मालवीय द्वारा कार्य किया जा रहा है।

**नगर पालिका की साधारण सभा की बैठक में लिए गए कई निर्णय**

# खोयरी महादेव धाम पर आर्च ब्रिज निर्माण का टेंडर निरस्त




**राजगढ़।** नगर पालिका परिषद राजगढ़ की साधारण सभा का विशेष सम्मेलन गुरुवार को नपा के सभागार में आयोजित किया गया। क्षेत्रीय विधायक अमर सिंह यादव, नपाध्यक्ष विनोद साहू सहित पार्षदगणों की उपस्तिथि में हुए सम्मेलन में निर्माण कार्य, खरीदी सहित अन्य कार्यों से जुड़े हुए कुल सात प्रस्ताव रखे गए जिन पर गंभीरता के साथ विचार.विमर्श करते हुए सर्व सम्मति से पारित कर दिए गए।

प्रथम प्रस्ताव में शामिल खोयरी महादेव मंदिर क्षेत्र में आर्च ब्रिज निर्माण के संबंध में ठेकेदार द्वारा अनुबंध शर्तें पूर्ण न करने के चलते टेंडर निरस्त कर दिया गया। बैठक में आगजनी से निपटने एक नए फायर बिग्रेड वाहन को खरीदने, दशहरा मैदान के समीप ही फायर स्टेशन निर्माण, ट्रेंचिंग ग्राउंड के लिए आवश्यक निर्माण कार्यों पर स्वीकृत प्रदान की गई। इनके साथ ही वार्ड 8 में मनोज मेवाडे के घर के पीछे की समस्त गलियों में सीसी रोड एवं नालियां निर्माण के लिए प्राप्त दरों को स्वीकृत किया गया।

### गीता भवन निर्माण के लिए दो स्थानों पर विचार

राजगढ़ नगर में गीता भवन का भी निर्माण किया जाना है जिसकी स्वीकृति शासन से मिल चुकी है। उक्त भवन कहां बनाया जाएए उसके स्थानों के संबंध में बैठक में चर्चा हुई। यह भवन या तो विनय हॉस्टल वाले खाली पड़े भूखंड या खरला नाला के ठीक पास पुरानी दूध डेयरी वाले स्थान पर बनाया जाएगा जिसकी आगे की प्रक्रिया समिति बनाकर पूर्ण की जाएगी। इस वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट पर भी बैठक में चर्चा हुई।

## अभी भी कई शिक्षकों के आदेश जारी होना है शेष

# जिले के 128 प्राथमिक शिक्षकों के द्वितीय क्रमोन्नति आदेश जारी




**राजगढ़।** शिक्षा जगत से जुड़े विभिन्न शासकीय संगठनों द्वारा समय-समय पर शिक्षकों की क्रमोन्नति/संबंधी मांगे की जाती रही हैं। इसी कड़ी में जिला शिक्षा विभाग ने प्राथमिक शिक्षक के पद पर प्रथम नियुक्ति दिनांक से 24 वर्षो की सेवा पूर्ण कर चुके जिले के 128 लोकसेवकों की द्वितीय क्रमोन्नति संबंधी आदेश जारी किए हैं। क्रमोन्नति उपरान्त उक्त सभी शिक्षकों के वेतन में भी इजाफा होगा, वहीं जिस दिनांक को उनकी 24 वर्ष की सेवाअवधि पूर्ण हुई है, उसका एरियर भी संबंधित शिक्षकों को मिलेगा। हालांकि, अभी और भी कई ऐसे प्राथमिक शिक्षक बचे हैं जिनके आदेश जारी होना बाकी है। शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों का कहना है कि जिला शिक्षा विभाग को उक्त प्रक्रिया तीव्रता से करनी चाहिए ताकि सभी पात्र शिक्षकों के क्रमोन्नति आदेश जारी हो सकें।

**प्रथम श्रैणी एवं मावि शिक्षकों के भोपाल से होने हैं आदेश:** 12 एवं 24 साल की सेवा अवधि पूर्ण कर चुके प्राथमिक शिक्षकों की क्रमोन्नति संबंधी आदेश जहां जारी किए जा रहे हैं वहीं प्रथम श्रैणी एवं माध्यमिक शिक्षकों के आदेश राजधानी भोपाल स्तर से जारी होने हैं। जिला स्तर से पात्र शिक्षकों के प्रस्ताव उच्च कार्यालयों को भिजवाए जाते हैं और वहीं से क्रमोन्नति स्वीकृति संबंधी आदेश जारी होता है।

# शिशु मंदिर में दिशाबोध शिविर का आयोजन



**सारंगपुर।** विद्या भारती मध्य भारत प्रांत की योजना अनुसार सरस्वती विद्या मंदिर सारंगपुर में कक्षा 9 एवं 10 के छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व विकास के लिए 3 दिवसीय दिशाबोध शिविर का आयोजन दिनांक 19 से 21 नवंबर तक किया गया। इस शिविर में प्रथम दिवस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष डॉक्टर ध्रुव भल्ला द्वारा छात्र छात्राओं को पुण्य भूमि भारत विषय पर मार्गदर्शन दिया गया। डॉ भल्ला ने कहा के भारत वह पुण्य भूमि है जहां देवताओं ने अवतार लिए।यह देश धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व के कारण ष्पुण्य भूमिष कहलाता है। यह पवित्र नदियों, तीर्थस्थलों और ऐतिहासिक स्थानों से भरा हुआ है जो इसे आध्यात्मिक रूप से महत्वपूर्ण बनाते हैं। इस शिविर के दौरान सभी छात्र छात्राओं ने वाटर बॉक्स का भ्रमण किया तथा वहां पर जाकर शहर में जल प्रदाय की व्यवस्था को समझा। द्वितीय दिवस सभी छात्र छात्राओं ने सारंगपुर थाने का भ्रमण किया जहां पर पुलिस अधिकारियों ने पुलिस की कार्यप्रणाली से सभी को अवगत कराया। इसके पश्चात सभी को अल्पाहार कराया गया। विद्यालय प्राचार्य चैनसिंह बन्नासिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।उक्त कार्यक्रम का आयोजन शिविर प्रभारी कमलसिंह राजपूत एवं छाया शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सभी आचार्य दीदियों का सहयोग सराहनीय रहा।

# अधेड़ व्यक्ति फांसी पर लटका मिला, पुलिस जांच में जुटी

**सारंगपुर।** क्षेत्र में एक अधेड़ व्यक्ति का शव फांसी के फंदे पर लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार ग्राम कंकरिया निवासी महेंद्र उर्फ राणा का शव उनके घर में संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर झूलता हुआ पाया गया। घटना के समय मृतक की पत्नी और बेटा हाईवे पर स्थित अपने होटल पर थे। सुबह घर लौटने पर जब उन्होंने देखा तो महेंद्र फांसी के फंदे पर लटके हुए मिले, जिसके बाद परिजनों ने तत्काल इस गंभीर घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना कर पंचनामा तैयार किया। प्रारंभिक जांच में फांसी के कारणों का स्पष्ट रूप से खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल सारंगपुर भेजा, जहां चिकित्सकों द्वारा पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया।

पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस परिजनों और आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ कर रही है। फिलहाल महेंद्र की मौत को लेकर कई तरह की चर्चाएँ चल रही हैं, लेकिन पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही स्पष्ट स्थिति सामने आ सकेगी।

# सीसीबी ने 72वें अभा सहकारी सप्ताह का किया आयोजन




**राजगढ़।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित राजगढ़ द्वारा आयोजित 72वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह का समापन गत दिवस राजगढ़ शाखा परिसर में आयोजि किया गया। कार्यक्रम में सहकारिता की भूमिका, ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास तथा किसानों के हितों पर महत्वपूर्ण चर्चा की गई। वक्ताओं ने आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सहकारी संस्थाओं की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला तथा सहकारिता को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं उपायुक्त सहकारिता पीएस बारोटिया, सहायक मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीके चौहान, शाखा प्रबंधक अमर सिंह यादव, शाखा पर्यवेक्षक मोहन शर्मा एवं सुरेश वर्मा, कृषक सदस्य तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी सदस्यों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए सहकारी सप्ताह का सफलतापूर्वक समापन किया गया।

# भागवत कथा को लेकर शोभायात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन नगर के नवीन हाट बाजार परिसर खिलचीपुर नाका के पास में नगर में शोभायात्रा निकालकर किया गया। पं. सुरेश बिहारी नागर के निवास से शोभायात्रा बुधवारिया बाजार, इंदर चौराहा से होते हुए कथा प्रांगण पहुंची। जहां पर व्यास पीठ से ज्योतिषाचार्य पंडित सुरेश बिहारी नागर ने भागवत कथा का महत्व प्रतिपादित करते हुए कहा की भागवत कथा श्रवण से मनुष्य को अनेकों कष्ट परेशानी से छुटकारा मिलता है।

उन्होंने बताया कि कृष्ण कथा को किसने लिखा और क्यों लिखा गया जिस पर कहा कि व्यासजी ने नारद मुनि से कहा कि मेने वेद व्यास लिखें परन्तु मन को शांति नहीं , तो नारद ने पूछा आपने यह वेद किनके लिए लिखे क्या विद्वान संत महात्मा के लिए लिखें। इस पर नारदजी ने कहा कि आप कृष्ण कथा (भागवत) लिखिए जिसको मनुष्य ग्रहण कर पुण्य पायेगा। गृहस्थ जीवन पर बताया कि पति पत्नी किसे कहते हैं दोनों की बात आपस में मिलकर हो वही पति-पत्नी है, लेकिन गृहस्थी में तीसरा व्यक्ति फेर करता है तो गृहस्थ जीवन सुखमय नहीं होता है। शरीर रूपी मशीन गरम हो जाती है तो शब्दावली उच्चारण तेज हो जाता है। गृहस्थ जीवन में अक्सर ऐसा होता है। इसलिए हमें क्रोधित नहीं होना है क्योंकि जैसा सोचते वेसे ही होगा। उन्होंने तीन बातें जीवन में ऐसी है जो कभी वापस नहीं आती है, जैसे तीर कमान से निकलने पर, बात जुबान से निकलने पर ओर शरीर से प्राण निकलने पर कभी वापस नहीं होते हैं।

# बाल विवाह को रोकने के लिए गांव-गांव में लग रही चौपाल, दिलाई जा रही शपथ



**छापीहेड़ा।** जिला प्रशासन के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास परियोजना खिलचीपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा विद्यालयों में बाल विवाह प्रतिषेध के तहत एक भी बाल विवाह न हो सके इसके लिए विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा जिसमें बाल विवाह के रोक थाम हेतु जागरूकता रैली निकालने के साथ ही नारे लेखन पोस्टर का कार्य किया गया तथा शपथ भी ली गई। जिसके माध्यम से ग्रामीण जनों को बताया गया कि लड़के की उम्र 21 वर्ष व लड़की की उम्र 18 वर्ष पूर्ण होने के बाद ही विवाह करना चाहिये। शुक्रवार को खिलचीपुर के ग्राम पंचायत जैतपुरा कला एवं पीपल्या कला में बाल विवाह मुक्त राजगढ़ अभियान था। जिसके नोडल अधिकारी सीमा सोलंकी सहायक महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र एवं चुन्नीलाल दांगी व शिक्षा अधिकारी जिला से प्रभारी नोडल अधिकारी एवं वन स्टाप सेंटर प्रशासक रश्मि चौहान परियोजना अधिकारी प्रतिभा साहु सुपरवाइजर अन्नु भिलाला आंहिसा वेल फेयर सोसायटी से अंकिता मैवाडे एवं जमना लाल बैरागी पीपल्या कला के सरपंच जगदीश दांगी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका एवं ग्रामीण महिला पुरुष किशोरी बालिकाएं बालक उपस्थित रहे।

# रमेशचंद्र गुप्ता का निधन



**जीरापुर।** मेडतवाल समाज के सदस्य रमेशचंद्र गुप्ता गागोरनी वाले का हदय गति रुक जाने से निधन हो गया। वह संजय गुप्ता लैब वाले के पिताजी थे। डॉ. मनोहर गुप्ता, श्यामसुंदर गुप्ता, रामबाबू गुप्ता के भाई थे। गुरुवार को उनकी शवयात्रा उनके गृह निवास बृजवासी मोहल्ला से स्थानीय मुक्तिधाम ले जाई गई, जहां पर दिवंगत आत्मा के प्रति शोक-संवेदना प्रकट की गई। वह साधारण व्यक्तित्व के धनी थे। उनकी शवयात्रा में समाज सहित अन्य समाज बंधु मिलने जुलने वाले बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## संस्कार एकेडमी द्वारा राजस्थान का शैक्षणिक भ्रमण संपन्न

# विद्यार्थियों ने देखा इतिहास, संस्कृति विरासत व विज्ञान का अनूठा संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



पचोर नगर के प्रतिष्ठित आवासीय सीबीएसई विद्यालय संस्कार एकेडमी द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आयोजित राजस्थान का बहुदिवसीय शैक्षणिक भ्रमण अत्यंत सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

इस भ्रमण में कक्षा 7 से 12 तक के 52 विद्यार्थियों एवं टीचिंग स्टाफ सहित 66 सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भ्रमण दल के साथ विद्यालय के प्रबंधक दीपक गोयल, दिनेश गोयल, पंकज गोयल, विवेक शर्मा कोऑर्डिनेटर इरशाद अहमद, मानिल गोयल, अनुभवी शिक्षक अनिल द्विवेदी, मानसी सिंह, गौरव निगम एवं राधेश्याम नागर साथ रहे। भ्रमण का प्रथम पड़ाव रहा राजस्थान की राजधानी जयपुर, जिसे गुलाबी नगर के नाम से जाना जाता है। जहां विद्यार्थियों ने आमेर किला में राजपूताना स्थापत्य कला,सिटी पैलेस में शाही संस्कृति का मनोहारी अवलोकन किया। जयपुर की स्थानीय बाजारों में विद्यार्थियों ने कलादृशिल्प और पारम्परिक वस्त्रों का भी अध्ययन किया। भ्रमण का सबसे रोमांचक चरण रहा स्वर्ण नगरी जैसलमेर। यहां विद्यार्थियों ने जैसलमेर किला, पटवों की हवेली, जैसलमेर युद्ध संग्राहलय जैसे ऐतिहासिक स्थलों का गहन अध्ययन किया। संध्या समय सम सैंड ड्यून्स में ऊंट सफारी, जीप सफारी, पेराराईडिंग तथा डेजर्ट कैम्प में आयोजित राजस्थानी सांस्कृतिक नाइट ने बच्चों को लोकनृत्य, कालबेलिया, घूमर, और पारम्परिक वादन कला से अवगत कराया। यह अनुभव विद्यार्थियों के लिए अत्यंत यादगार रहा। साथ ही विद्यार्थियों ने श्रद्धा और संस्कृति का पावन स्पर्श करते हुए जैसलमेर से लौटते समय रामदेवरा में बाबा रामदेव के पावन मंदिर में दर्शन किए, वहीं जोधपुर पहुंचकर मंडोर गार्डन में जोधपुर के इतिहास को जाना। विद्यार्थियों ने यहां की ऐतिहासिक मान्यताओं, सामाजिक सद्भाव और लोक आस्था की परंपरा के बारे में विस्तार से जाना। यह स्थल भ्रमण का आध्यात्मिक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध करने वाला चरण रहा।

**खबर संक्षेप**

### उपभोक्ता ऑनलाइन और ऑफलाइन कर सकेंगे आवेदन

**सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्य क्षेत्र के 16 जिलों के उपभोक्ताओं के लिए धारा 126 में लंबित प्रकरणों में लोक अदालत की तर्ज पर छूट प्रदान करने का अवसर उपलब्ध कराया गया है। इसके लिए उपभोक्ताओं को ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन आवेदन करने की सुविधा दी गई है। आवेदन एक दिसंबर से शुरू होकर 31 दिसंबर तक लिए जाएंगे। ऑनलाइन आवेदन के लिए उपभोक्ता कंपनी पोर्टल पर जाकर प्रदर्शित क्वीक लिंक टैब में "Rebate As lokadalat in section 126" पर क्लिक कर आवेदन प्रस्तुत करना होगा। कंपनी के portal.mpcz.in पोर्टल पर कंज्यूमर आईडी की प्रविष्टि करते ही उपभोक्ता को धारा-126 में दर्ज लंबित प्रकरण प्रदर्शित होगा। उपभोक्ता को लोक अदालत की तर्ज पर धारा-126 में छूट प्राप्त किए जाने हेतु "उपभोक्ता के परिसर या अन्य परिसर पर संयोजन के विरूद्ध विद्युत देयक की बकाया राशि नहीं है तथा विचाराधीन प्रकरण पर धारा 127 के अंतर्गत गठित अपीलीय प्राधिकरण के समक्ष या किसी अन्य न्यायालय के समक्ष कोई अपील लंबित नहीं है न ही निर्णित है" सत्यापित कर सबमिट करना होगा। उपभोक्ता ऑनलाइन भुगतान का विकल्प चयन कर भुगतान कर सकते हैं।

### अभियान 3.0 के तहत हुई प्रशिक्षण कार्यशाला

**सीहोर।** कोटपा एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संचालित किए जा रहे 60 दिवसीय तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी श्री दीपक कुमार शुक्ला अध्यक्षता में एन्फोर्समेंट स्क्वाड के लिए कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में जिले के विभिन्न थाने से 50 पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया। एसपी दीपक कुमार शुक्ला पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस अभियान के तहत शिक्षण संस्थानों को तंबाकू मुक्त बनाने के लिए स्कूलों के 100 मीटर के दायरे में स्थापित तंबाकू दुकानों पर कार्रवाई की जाए, ताकि शिक्षण संस्थानों को तंबाकू मुक्त बनाया जा सके।

## नियमों को ताक पर रख संचालित निजी अस्पताल, जान से कर रहे खिलवाड़

# मरीजों का काल बने कई निजी अस्पताल सघनापूर्वक जांच करेगी गठित हुई टीम

निजी अस्पतालों और क्लिनिक संचालकों के पास न तो प्रशिक्षित चिकित्सक हैं और न ही स्वास्थ्य कर्मी, नाही स्वास्थ विभाग के मापदंडों पर यह खरे उतर रहे हैं फिर भी बुखार से लेकर कई बड़े-बड़े ऑपरेशन तक का जिम्मा उठाकर मरीजों की जान को जोखिम में डाला जा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




शहर में नियमों को ठेंगा दिखाते हुए बिना मापदंड के कई निजी अस्पतालों से लेकर, मेडीकल स्टोर्स, पैथालाजी सेंटर धड़ल्ले से संचालित किए जा रहे हैं ऐसे में शहर भर में धड़ल्ले से संचालित हो रहे निजी अस्पतालों के पास न तो प्रशिक्षित चिकित्सक हैं और न ही स्वास्थ्य कर्मी, नाही स्वास्थ विभाग के मापदंडों पर ये खरे नहीं उतर रहे हैं फिर भी बुखार से लेकर कई बड़े बड़े ऑपरेशन तक का जिम्मा उठाकर मरीजों की जान जोखिम में डालने से नहीं चूकते हैं। ऐसा भी नहीं कि इन निजी अस्पतालों के बारे में जिले का स्वास्थ विभाग या प्रशासन बेखबर है लेकिन कुंभकर्ण की तरह आंखे मूंदे सोए स्वास्थ विभाग के जिम्मेदार अफसरों की मेहरबानी के बिना कुछ भी संभव नहीं है।


जिसके चलते इन निजी अस्पतालों में कई मरीज अपनी जान तक गंवा चुके हैं और कार्यवाही के नाम पर सिर्फ ढांक के तीन पात वाली कहावत चरितार्थ होती है और यह तक की स्थानीय स्वास्थ विभाग की कार्यवाहियों पर जिला स्वास्थ विभाग कवच का काम करता है नतीजा यह है कि अब तक लोगों की जान से खिलवाड़ करने वाले इन निजी अस्पतालों पर कोई ठोस कार्यवाही देखने को नहीं मिली है और यदि स्थानीय स्वास्थ विभाग ने प्रशासन के दबाव यह पीड़ित की शिकायत पर कोई कार्यवाही कर अस्पताल को सील कर भी दिया तो बेशर्म जिला स्वास्थ विभाग उसे फिर क्लीन चिट देकर खुलवा देता है।

### गली- मोहल्ले में खुले प्राइवेट क्लीनिक और पैथोलॉजी लैब

निजी अस्पतालों के अलावा शहर से लेकर गांव से तक गली मोहल्ले में प्रायवेट क्लीनिक, पैथालाजी सेंटर भी धड़ल्ले से बिना मापदंड के संचालित हो रहे हैं। और तो और कई ऐसे भी हैं, जो आगे मेडिकल की दुकान चला रहे हैं और पीछे दो कमरों में पूरा नर्सिंग होम संचालित कर रहे हैं। इन अस्पतालों में कोई डिग्री धारक चिकित्सक भी नहीं है लेकिन हर तरह के मरीजों को भर्ती कर उनका आर्थिक शोषण के अलावा जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। और इन निजी प्रायवेट क्लिनिको में स्वास्थ्य विभाग के नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाकर आम लोगों के जीवन के साथ छोलाछाप डॉक्टर खिलवाड़ कर रहे हैं। यहां तक कि कई निजी चिकित्सक तो ऐसे हैं जिन्होंने अपने घर को ही अस्पताल बना रखा है। जहां आने वाले मरीजों के स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ उन्हें भर्ती किया जाकर उनका उपचार किया जा रहा है। इतना सबकुछ चलते हुए भी अब तक इस दिशा में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिससे स्थानीय स्वास्थ विभाग सहित जिले के स्वास्थ विभाग की बेशर्मी देखने को मिलती है।

### खानापूर्ति करने निरीक्षण टीम बनाई

शहर में निजी अस्पतालों में मरीजों की जान से खिलवाड़ करने के कई मामले सामने आए हैं वही कई मामलों में तो मरीज इन प्रायवेट अस्पतालों की लापरवाही के चलते अपनी जान तक गंवा बैठे हैं ऐसे स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ विभाग ने कार्यवाही कर अस्पताल को सील कर ठोस कार्यवाही करने का प्रयास किया तो जिला स्वास्थ विभाग में बैठे जिम्मेदार अधिकारियों ने क्लीन चिट देते हुए


कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला सीहोर (म.प्र.)
सीहोर, दिनांक 20/11/2025
क्रमांक/नर्सिंग होम/2025-26/ 15514
-:: आदेश ::-
विकासखण्ड आष्टा जिला सीहोर में संचालित समस्त पंजीकृत निजी चिकित्सालयों के औचक जांच/निरीक्षण किये जाने हेतु निम्नानुसार जांच समिति का गठन किया जाता है -

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | डॉ. अमित गणेश माथुर, मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी | सिविल अस्पताल आष्टा | अध्यक्ष |
| 2 | डॉ भूपेंद्र परमार, सर्जिकल स्पेश्लिस्ट | सिविल अस्पताल आष्टा | सदस्य |
| 3 | डॉ जयदीप सिसोदिया, निश्चेतना विशेषज्ञ | सिविल अस्पताल आष्टा | सदस्य |
| 4 | श्री जितेंद्र वर्मा, सहायक अस्पताल प्रबंधक | सिविल अस्पताल आष्टा | सदस्य |
| 5 | श्री मोहन श्रीवास्तव, मीईई | सिविल अस्पताल आष्टा | सदस्य |
| 6 | श्री सुरेश सेन, नेत्र चिकित्सा सहायक | सिविल अस्पताल आष्टा | सदस्य |

उपरोक्तानुसार समिति संलग्न सूची अनुसार निजी चिकित्सालयों की जांच/निरीक्षण कर प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करेंगी।
(डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया)
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला सीहोर (म.प्र.)
पृ.क्रमांक/ नर्सिंग होम/2025-26/ 15515
सीहोर, दिनांक 20/11/2025

वापस इन अस्पतालों को खुलवा दिया है लिहाजा अब जिला स्वास्थ विभाग ने इस बार पल्ला झाड़ते हुए 6 सदस्यीय स्थानीय स्वास्थ विभाग की टीम बनाई है जिसमें तीन अनुभवी डॉक्टरों को शामिल किया है जो शहर के निजी अस्पतालों की जांच करेगी ।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार गठित 6 सदस्यीय जांच टीम में डॉ. अमित गणेश माथुर मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी सिविल अस्पताल आष्टा,डॉ भूपेंद्र परमार, सर्जिकल स्पेस्लिस्ट,डॉ जयदीप सिसोदिया, निश्चेतना विशेषज्ञ, जितेंद्र वर्मा, सहायक अस्पताल प्रबंधक,मोहन श्रीवास्तव,सुरेश सेन, नेत्र चिकित्सा सहायक शामिल हैं। लिहाजा अब देखना लाजमी होगा यह टीम शहर की जनता के विश्वास पर कितना खरा उतरती है या फिर वही दिखावे की कार्यवाही कर खानापूर्ति करती है।

## सड़क पर मृत युवक को देखकर विधायक ने अर्द्धरात्रि में रोका अपने वाहनों का काफिला

**पुलिस को दी सूचना, शव को भिजवाया अस्पताल**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

विधानसभा क्षेत्र के संवेदनशील विधायक गोपालसिंह इंजीनियर कल रात्रि में आष्टा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गिगलाखेड़ी (अवन्तिपुर बड़ोदिया) में तुलादान के कार्यक्रम में शामिल हो कर रात्रि में ग्राम गिगला खेड़ी से लौटते वक्त रात लगभग 12 बजे जब उनका काफिला चामसी खड़ी ग्राम के नजदीक पहुंचा तब देखा कि रोड पर एक युवक मृत अवस्था में पड़ा था तथा पास में ही उनके परिजन विलाप कर रहे है ।

यह देख तत्काल विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने अपना व अपने साथ चल रहे सभी वाहनों को रोकवाया तथा वाहन से नीचे उतरकर घटना को देखा एवं विलाप कर रहे परिजनों को सांत्वना देते हर पूरी घटना की जानकारी ली । तब बताया गया कि कोई वाहन की टक्कर से युवक की मौत हो गई है । विधायक गोपासलसिंह इंजीनियर ने तत्काल जावर पुलिस को फोन लगाया ओर पुलिस को घटना की सूचना दी । 108 को भी सूचना दी तत्काल आष्टा, जावर से 108 घटना स्थल पहुची । जावर पुलिस भी मौके पर पहुची एवं मृतक के शव को एवं उसके परिजनों को सिविल अस्पताल भेजा गया । संवेदनशील विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, डोडी मंडल अध्यक्ष नरेन्द्रसिंह ठाकुर सहित सभी भाजपा कार्यकर्ता जब तक पुलिस एवं 108 वाहन मौके पर नही पहुचे तब तक विधायक मौके पर ही उपस्तिथ रहे । पुलिस के आने के बाद विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने सड़क पर मृत अवस्था में पड़े उक्त युवक को सिविल अस्पताल पहुंचाया तथा उसके परिजनों को भी अस्पताल तक भिजवाने की व्यवस्था की। मृतक युवक का नाम दीपक पिता वृंदावन बैरागी उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम चामसी बताया गया है।

### एनसीसी कैडेट्स ने मनाया एनसीसी दिवस

**सीहोर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने महाविद्यालय में 4 एमपी बटालियन एनसीसी के आदेश के परिपालन में 77 वें एनसीसी दिवस के उपलक्ष में विभिन्न गतिविधियां कर एनसीसी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। एनसीसी दिवस के अवसर पर कैडेट्स ने वृक्षारोपण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रोहिताश कुमार शर्मा द्वारा वृक्षारोपण कर किया गया साथ ही प्राचार्य डॉ शर्मा ने कैडेट्स को अपने संबोधन में वृक्षारोपण का महत्व, पर्यावरण संरक्षण, एनसीसी में अनुशासन और कैडेट्स के दायित्व समझाएं। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स ने महाविद्यालय परिसर में गुलाब गुलमोहर, पीपल, गुड़हल आदि के पौधे रोपे गए साथ ही सभी कैडेट्स द्वारा उनके संरक्षण का संकल्प भी लिया गया। कार्यक्रम मेंउप प्राचार्य, गणित विभागाध्यक्ष डॉक्टर उदय डोलस और विधि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ धर्मेंद्र , 4 एमपी बटालियन से आए इंस्ट्रक्टर हवलदार भूपेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे।

### ग्राम कुलासकलां में हुआ 72वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह का समापन

**सीहोर।** जिला सहकारी संघ मर्यादित सीहोर द्वारा 14 से 20 नवम्बर तक 72 वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह के कार्यक्रम जिले की विभिन्न सहकारी संस्थाओं में आयोजित किये गये । 20 नवम्बर को दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित कुलासकलॉ में 72 वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह के समापन अवसर पर कार्यक्रम के मुख्यातिथि कृपाल सिंह दुगारिया जिला नोडल अधिकारी भोपाल दुग्ध संघ जिला सीहोर, ज्ञानसिंह पटेल अध्यक्ष दुग्ध संस्था की अध्यक्षता में कमलेश वर्मा जनपद सदस्य, राजेन्द्र कुमार वर्मा सरपंच प्रतिनिधि, गोविन्द शर्मा व शादीलाल वर्मा पर्यवेक्षक भोपाल दुग्ध संघ के विशेष आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया।




## रोबोटिक्स और कोडिंग पर एक दिवसीय हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण कार्यशाला का सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के निर्देशन एवं डॉ. अनिल कोठारी (महानिदेशक) तथा डॉ. विकास शेंडे (प्रिंसिपल) के मार्गदर्शन में रोबोनॉट्स इंडिया द्वाराशासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 21 वीं सदी के कौशल रोबोटिक्स और कोडिंग पर एक दिवसीय हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया।कायर्शाला का उद्देश्य विद्यार्थियों में नवाचार, समस्या समाधान और प्रौद्योगिकी जागरूकता जैसे 21वीं सदी के आवश्यक कौशलों का विकास करना था।

विद्यार्थियों ने रोबोटिक्स की मूलभूत तकनीकों, सर्किट निर्माण एवं प्रोग्रामिंग का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया।कार्यक्रम में छात्रों ने रोबोटिक्स लर्निंग किट का उपयोग करते हुए विभिन्न आधारित गतिविधियों में भाग लिया। विद्यालय के प्राचार्य अजब सिंह राजपूत और मुख्य विज्ञान शिक्षक मनोज बाकड़े ने इस अवसर पर कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को नई तकनीकों की समझ देते हैं और उन्हें भविष्य की शिक्षा एवं करियर के लिए तैयार करते हैं।

रोबोनॉट्स इंडिया के निदेशक अर्पीत सोनी ने बताया कि संस्था विगत कई वर्षों से प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में STEM शिक्षा, रोबोटिक्स और एम्बेडेड सिस्टम प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी शिक्षा से जोड़ने का कार्य करती है। इस आयोजन में MPCST और रोबोनॉट्स इंडिया की टीम का विशेष सहयोग रहा। संस्था ने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी ऐसे नवाचारी कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को विज्ञान एवं तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में और अवसर मिलते रहेंगे।इस अवसर पर शाला के महेंद्र सिंह मालवीय, उमेश चंद्र बारेठा, जीतेन्द्र गुठानिया, जयप्रकाश नागलिया एवं बबीता सोनी आदि का विशेष सहयोग रहा।

## विधायक ने सांसद खेल महोत्सव का किया शुभारंभ





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

खेल के क्षेत्र में यू तो अनेकों प्रतिभाएं ग्राम ग्राम में है,लेकिन ऐसी प्रतिभाओं,खिलाड़ियों को उचित खेल का मैदान नही मिलने से वे उभर कर सामने नही आ पाती है।

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो की खेल, खिलाड़ियों की प्रतिभाओं को बढ़ावा देने,उनेह आगे लाने,उनेह अपनी खेल का हुनर दिखाने को सुअवसर देने के लिये सांसद खेल महोत्सव की शुरुआत की है।

उक्त उदगार विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने आष्टा विधानसभा क्षेत्र में पंचायत स्तर से सांसद खेल महोत्सव के शुभारम्भ अवसर पर ग्राम भंवरा में व्यक्त किये। आष्टा विधानसभा क्षेत्र देवास लोकसभा क्षेत्र के सांसद महेंद्रसिंह सोलंकी के संसदीय क्षेत्र में आता है,आज से यहां सांसद खेल महोत्सव का शुभारम्भ किया। ग्राम भंवरा में शुरू हुए सांसद खेल महोत्सव में ग्राम बागेर, बापचा, भंवरा, गुराड़िया रूपचंद, मुबारिकपुर सहित आस पास के विद्यालयों से क्रिकेट, खो खो, कबड्डी, रस्साकसी आदि खेलो की टीमो के बीच प्रतियोगिता हुई।

विजेता टीमों को विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने सभी अतिथियों के साथ पुरुष्कार वितरित किये। सांसद खेल महोत्सव कार्यक्रम में जिला भाजपा महामंत्री धारासिंह पटेल,ग्रामीण भाजपा मंडल अध्यक्ष हरिओम पिंटू परमार, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील परमार, सरपंच अजबसिंह ठाकुर, अर्जुन जाट, चंपालाल टेलर, पिंटू जैन, मोहन लाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन, कार्यकर्ता, शिक्षक, विद्यार्थी, खिलाडी आदि उपस्तिथ रहे। आयोजित सांसद खेल महोत्सव में पंचायत स्तर के बाद चयनित टीमो का विधानसभा स्तर पर प्रतियोगिता सम्पन्न होगी।

## तहसीलदार लगातार मतदान केंद्रों का भ्रमण कर जांच रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य

# मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल अधिकारियों का कर रहे मार्गदर्शन





हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में आष्टा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत तहसील जावर के बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है। इस हेतु निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नितिन कुमार टाले, सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ओमप्रकाश चोरमा, नायब तहसीलदार सिद्धांत सिंह सिंगला द्वारा मतदान केंद्रों पर घूम घूम कर बूथ लेवल अधिकारियों का मार्गदर्शन लगातार किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में किसी भी प्रकार की समस्या का त्वरित निराकरण करने से गणना पत्रक ऑनलाइन करने का प्रतिशत तेजी से बढ़ा है। सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं तहसीलदार जावर ओमप्रकाश चोरमा लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर रहे है। इस कारण तहसील की गणना पत्रक भरने की प्रगति 75 प्रतिशत से ऊपर हो गई है। 22 से अधिक मतदान केंद्र 90 प्रतिशत से अधिक उपलब्धि वालें है वहीं इनमें से कई मतदान केंद्रों का कार्य 99 प्रतिशत से ऊपर भी है। यहां उल्लेखनीय है कि श्री चोरमा बूथ लेवल अधिकारियों के उत्साहवर्धन एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा पैदा करने के लिए मौके पर ही उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान भी कर रहे है।

## अपर कलेक्टर ने वीसी के माध्यम से एसआईआर प्रगति की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में संचालित किए जा रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य की प्रगति की अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित समीक्षा की। बैठक में उन्होंने सभी बीएलओ सहित संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

अपर कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देशित किया कि एसआईआर कार्य में गति लाने के लिए एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, नगरीय निकायों के सीएमओ, जनपद सीईओ, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी समन्वय स्थापित कर कार्य करें और इस कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करें।

आयोजित हुई बैठक में उन्होंने विशेष रूप से एसआई कार्य की समय सीमा निर्धारित करने, ईआरओ द्वारा एन्यूमरेशन फॉर्म की स्वीकृति प्रक्रिया तेज करने, अनकाउंटेबल फॉर्म को ऑनलाइन अपडेट करने तथा छूटे हुए मतदाताओं की मैपिंग शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवार निगरानी एवं नियमित समीक्षा से एसआईआर कार्य समय पर और प्रभावी रूप से पूरा किया जा सकता है। बैठक में संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।